पंजाब केसरी
22-03-2026

ऊर्जा संरक्षण केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में नैशनल एजु ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे टू वीक चैलेंज के दौरान शनिवार को ऊर्जा संरक्षण एवं जागरूकता विषय पर आयोजित गतिविधि में 'स्विच ऑफ ड्राइव' के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्रीन यूनिवर्सिटी रैंकिंग कमेटी एवं एस.डी.जी. क्लब के संयुक्त प्रयास से 'स्विच ऑफ ड्राइव' अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में ऊर्जा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

अपने संदेश में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। यदि हम अनावश्यक विद्युत उपकरणों को बंद करना जैसे छोटे-छोटे प्रयासों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो हम न केवल ऊर्जा की बचत कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, जो समाज में व्यापक बदलाव ला सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे ऊर्जा बचत को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं।

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित ऊर्जा संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधि में भाग लेते विद्यार्थी। (पंकजमोहन)